राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड

राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर–302018, फोन– 0141–2552796

क्रमांक प.14(32)(1)RSSB / अर्थना / उ.वि. / भर्ती / पात्रता जांच / 2018/ 3349 दिनांक : 20/9/2018

–::कार्यालय आदेश::–

बोर्ड द्वारा राजस्थान उद्योग अधीनस्थ सेवा नियम–1966 के अन्तर्गत उद्योग विभाग के उद्योग निरीक्षक सीधी भर्ती परीक्षा–2018 में उद्योग निरीक्षक के 13 पदों के लिए भर्ती हेतु विज्ञप्ति संख्या 03/2018 दिनांक 13.03.2018 को जारी की गई थी। उद्योग निरीक्षक सीधी भर्ती परीक्षा 2018 की परीक्षा दिनांक 24.06.2018 को आयोजित की गई थी। बोर्ड द्वारा विज्ञापित रिक्त पदों के डेढ गुणा अभ्यर्थियों को केवल पात्रता की जांच एवं दस्तावेजों के सत्यापन हेतु सूचीबद्ध कर दिनांक 06.08.2018 को पूर्णतया अनन्तिम (PURELY PROVSIONAL) रूप से सूचियां जारी की गई थी। जिनकी बोर्ड द्वारा पात्रता की जांच एवं दस्तावेजो का सत्यापन करवाया गया।

उक्त पात्रता जांच एवं दस्तावेज सत्यापन के दौरान पात्रता जांच एवं दस्तावेज सत्यापन हेतु सूचीबद्ध किये गये डेढ गुणा अभ्यर्थियों में से 02 अभ्यर्थियों को विभागीय मंत्रालयिक कर्मचारी श्रेणी में सूचीबद्ध किया गया था। परन्तु दस्तावेज सत्यापन में उक्त विभागीय मंत्रालयिक कर्मचारी रूप में सूचीबद्ध अभ्यर्थी विभागीय मंत्रालयिक कर्मचारी नही पाये गये है। ऐसी स्थिति में विज्ञप्ति संख्या 03/2018 दिनांक 13.03.2018 में विज्ञापित उद्योग निरीक्षक के 13 पदों में से 01 पद विभागीय मंत्रालयिक कर्मचारियों हेतु आरक्षित होने से उनमें से ही भरना आवश्यक है। उद्योग निरीक्षक सीधी भर्ती परीक्षा–2018 में वास्तविक तौर पर विभागीय मंत्रालयिक कर्मचारियों को डेढ गुणा तक सूचीबद्ध करने हेतु न्यूनतम 40 प्रतिशत उतीर्णांक तक के विभागीय कर्मचारी के रूप में आवेदित सफल अभ्यर्थियों में से जो वास्तविक रूप से उद्योग विभाग में कार्यरत मंत्रालयिक कर्मचारी के पद पर कार्यरत है, उन अभ्यर्थियों को ही दिनांक 10.09.2018 को प्रातः 11:00 बजे दस्तावेज सत्यापन हेतु बुलाया गया था, जिनमें उपस्थित अभ्यर्थियों में से उद्योग विभाग में कार्यरत मंत्रालयिक कर्मचारियों का ही दस्तावेज सत्यापन किया गया।

उक्त पात्रता जांच एवं दस्तावेज सत्यापन में पात्र पाये गये उपस्थित अभ्यर्थियों में से रिक्त पदों के विरूद्ध श्रेणीवार वरीयता क्रम से निम्नलिखित 12 अभ्यर्थियों का उद्योग निरीक्षक के पद पर अंतिम चयन किया जाकर पदस्थापन की अभिशंषा/अभिस्तावना की गई है।

(रोल नं0)

303996 304741 306324 308122 310863 311270 315943 316947 318675 318682 319017 320723

(CUT-OFF MARKS)

CATEGORY		CUT OFF MARKS AND DOB
GEN	GEN	**86.4583**
	FEM	**80.2083**
SC	GEN	**80.2083**
ST	GEN	**79.1667 (29-09-1989)**
OBC	GEN	**85.4167**

(HORIZONTAL CUT-OFF)

CATEGORY	CUT OFF MARKS AND DOB
B/LV	**75.0000 (20-10-1993)**
EX-SERVICEMAN	**72.9167**

(डॉ. बी.एल. जाटावत)
अध्यक्ष